FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 30-07-2025 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

# थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा वांछित हिस्ट्रीशीटर (HS 101 A) अभियुक्त सोनू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिफ्तार।

- **अभियुक्त सोनू थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी से वांछित हिस्ट्रीशीटर (एचएस0 101ए) अभियुक्त है।**
- **हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सोनू दिनाँक 18-06-2025 को जनपद आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्रान्तर्गत हुई 48 हजार रुपये की लूट से सम्बन्धित अभियोग मु0अ0सं0 294/25 में भी वांछित है।**
- **अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर, चोरी, लूट, जानलेवा हमला, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट एवं अवैध असलहा सम्बन्धी गम्भीर धाराओं में करीब 02 दर्जन अभियोग जनपद फिरोजाबाद, इटावा, मैनपुरी एवं जनपद आगरा के विभिन्न थानों में हैं पंजीकृत।**
- **अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में गैंगस्टर की कार्यवाही भी की जा चुकी है।**
- **अभियुक्त के कब्जे से लूटे / चोरी किये गये 06 मोबाइल फोन, लूट के 5,500 /- रुपए, 01 चोरी की मोटर साइकिल, 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 30-07-2025 को थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी का वांछित हिस्ट्रीशीटर (एचएस0 101ए ) अभियुक्त एवं सक्रिय अपराधी सोनू लूट / चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पैंगू रोड़ पर किठौत मोड के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मैनपुरी की ओर से मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को वापस मोड़कर भागने लगा। बारिश के कारण फिसलन होने की वजह से हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्ति की मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आते हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किये गये। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान जनपद आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में हुई लूट की घटना में वांछित एवं जनपद मैनपुरी के वांछित हिस्ट्रीशीटर (101ए) अभियुक्त सोनू पुत्र सतीश उर्फ बच्ची के रुप में हुई है। अभियुक्त सोनू के कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल, 06 लूटे / चोरी किये गये मोबाइल फोन, लूट के 5,500 /- रुपए, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. सोनू पुत्र सतीश उर्फ बच्ची निवासी कस्बा व थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी व हाल पता गिहार कॉलोनी कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 06 लूटे/चोरी किये गये मोबाइल फोन।
2. लूट के 5,500 /- रुपए
3. 01 चोरी की मोटर साइकिल (स्पलेंडर प्लस बिना नम्बर प्लेट)
4. 01 तमंचा 315 बोर।
5. 02 खोखा एवं 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।

**हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सोनू का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 275/12 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना बेबर जनपद मैनपुरी।
2. मु0अ0सं0 288/13 धारा 60/63 आबाकरी अधि0 थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी।
3. मु0अ0सं0 189/16 धारा 392 भादवि थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।
4. मु0अ0सं0 191/16 धारा 392 भादवि थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।
5. मु0अ0सं0 287/17 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।
6. मु0अ0सं0 137/18 धारा 174 ए भादवि0 थाना कुरावली जनपद मैनपुरी।
7. मु0अ0सं0 943/2018 धारा 379/411 भादवि0 थाना एत्मादौला कमिश्नरेट आगरा।
8. मु0अ0सं0 948/2018 धारा 379/411 भादवि0 थाना एत्मादौला कमिश्नरेट आगरा।
9. मु0अ0सं0 233/2018 धारा 379/411 भादवि0 थाना एत्मादौला कमिश्नरेट आगरा।
10. मु0अ0सं0 383/20 धारा 380/457 भादवि0 थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी।
11. मु0अ0सं0 433/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी।
12. मु0अ0सं0 69/21 धारा 379/411 भादवि थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी।
13. मु0अ0सं0 73/21 धारा 307 भादवि0 पु0मु0 थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी।
14. मु0अ0सं0 74/21 धारा 25/27 आर्म्स अधि0 थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी।
15. मु0अ0सं0 682/22 धारा 3/25 आर्म्स अधि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
16. मु0अ0सं0 723/23 धारा 356/379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी।
17. मु0अ0सं0 807/23 धारा 356/379/411 भादवि 3/25 आर्म्स अधि0 थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी।
18. मु0अ0सं0 270/23 धारा 379/411 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
19. मु0अ0सं0 266/23 धारा 392/411 भादवि थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
20. मु0अ0सं0 967/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
21. मु0अ0सं0 270/23 धारा 379/411 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
22. मु0अ0सं0 52/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस0 व 3/25 आर्म्स अधि0 थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
23. मु0अ0सं0 294/25 धारा 303(2) बीएनएस0 थाना मलपुरा कमिश्नरोट आगरा।
24. मु0अ0सं0 420/25 धारा 109/352/317(2)/317(5) बीएनएस0 3/25/27 आर्म्स अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2. उप निरीक्षक अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. उप निरीक्षक राज नारायण थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4. उप निरीक्षक भैया लाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0कां0 शिव शंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0कां0 पवन चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 अखिलेश लोखंडे थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
9. कां0 तामिल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
10. कां0 अनिल कुमार पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 हीरालाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
12. कां0 राहुल पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।